| | | |
|---|---|---|
| **Std.: 10th CBSE**<br>**Sub: Hindi** | Rathi's Aspire Academy<br>Preparing You For Tomorrow<br>**Pre-Board Set-I** | **Marks : 80**<br>**Time : 3 Hr.**<br>**Date : 27/12/2022** |

सामान्य निर्देश :

(i) इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब' ।

(II) खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(III) खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

(IV) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

(V) दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(VI) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

# खंड 'अ'

## वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(1 × 5 = 5)**

*जितनी अनिच्छा से हम सलाह को स्वीकार करते हैं, उतनी अनिच्छा से किसी अन्य को नहीं। सलाह देने वालों के बारे में हम सोचते हैं कि वह हमारी समझ को अपमान की दृष्टि से देख रहा है अथवा हमें बच्चा या बुद्धू मानकर व्यवहार कर रहा है। हम उसे एक अव्यक्त सेंसर मानते हैं और ऐसे अवसरों पर हमारी भलाई के लिए जो उत्साह दिखाया जाता है, उसे हम एक पूर्व धारणा या धृष्टता मानते हैं। इसकी सच्चाई यह है कि जो सलाह देने का बहाना करता है; वह इसी कारण से हमारे ऊपर अपनी श्रेष्ठता स्थापित करता है। इसके अतिरिक्त कोई और कारण नहीं हो सकता। किन्तु अपने से हमारी तुलना करते हुए, वह हमारे आचरण अथवा समझदारी में कोई दोष देखता है। इन कारणों से, सलाह को स्वीकार्य बनाने से कठिन कोई कला नहीं है और वास्तव में प्राचीन और आधुनिक दोनों युग के लेखकों ने इस कला में जितनी दक्षता प्राप्त की है, उसी आधार पर स्वयं को एक-दूसरे से अधिक विशिष्ट प्रमाणित किया है। इस कटु पक्ष को रोचक बनाने के कितने उपाय काम में लाए गए हैं? कुछ सर्वोत्तम शब्दों में अपनी शिक्षा हम तक पहुँचाते हैं, कुछ अत्यन्त सुसंगत ढंग से, कुछ वाक्‌चातुर्य से और अन्य छोटे मुहावरों में।*

*पर मैं सोचता हूँ कि सलाह देने के विभिन्न उपायों में जो सबको अधिक प्रसन्नता देता है, वह गल्प है, वह चाहे किसी भी रूप में आए। यदि हम इस रूप में शिक्षा देने अथवा सलाह देने की बात सोचते हैं तो वह अन्य सबसे बेहतर है क्योंकि सबसे कम झटका लगता है।*

(क) गद्यांश के अनुसार सलाह को किस दृष्टि से देखा जाता है?

(i) अपमान की दृष्टि से
(ii) सम्मान की दृष्टि से
(iii) स्वीकार्य की दृष्टि से
(iv) अस्वीकार्य की दृष्टि से

(ख) किस कला को सबसे कठिन कला कहा गया है?

(i) दूसरों को अपना बनाने की कला को।
(ii) किसी की सलाह को स्वीकार करने की कला को।
(iii) किसी की सच्चाई को स्वीकार करने की कला को।
(iv) किसी की सलाह को स्वीकार न करने की कला को।

(ग) लेखक किस रूप में सलाह देने को बेहतर मानता है?

(i) मुहावरों के रूप में
(ii) सुसंगत रूप में
(iii) गल्प के रूप में
(iv) सलाह के रूप में

(घ) प्राचीन और आधुनिक युग के लेखकों ने किस कला में दक्षता प्राप्त की है?

(i) सलाह को स्वीकारने में
(ii) सच्चाई को न स्वीकारने में

(iii) सलाह और सच्चाई को स्वीकार करने में

(iv) सलाह और सच्चाई को न स्वीकार करने में

(ङ) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तत्पश्चात् दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छांट कर उत्तर दीजिए।

**कथन (A) :** हम सलाह को स्वेच्छा से स्वीकार करते हैं।

**कारण (R) :** सलाह देने वाला हमें अपमान की दृष्टि से देखता प्रतीत होता है।

(i) कथन (A) सही है कारण (R) गलत है।

(ii) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) उसकी व्याख्या नहीं करता।

(iv) कथन (A) गलत है कथन (R) सही है।

**2. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(1 × 5 = 5)**

*डॉ. कलाम दृढ़ इच्छा-शक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषण' तथा 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था—'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।*

(क) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है?

(i) अल्प विकसित देश

(ii) विकसित देश

(iii) निर्मित देश

(iv) विकासशील देश

(ख) गद्यांश में विचारों की कार्यवाही के माध्यम से किसमें बदलाव की बात कही जा रही है?

(i) वास्तविकता में

(ii) असत्य में

(iii) भावुकता में

(iv) असहजता में

(ग) डॉ. कलाम एक दृढ़ इच्छा-शक्ति वाले ............ ... थे?

(i) वैज्ञानिक (ii) कलाकार

(iii) साहित्यकार (iv) दार्शनिक

(घ) डॉ. कलाम को क्या नहीं छू पाया था ?

(i) अहंकार (ii) विश्वास

(iii) गर्व (iv) अविश्वास

(ङ) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—

(I) डॉ कलाम भारत को विकासशील देखना चाहते थे।

(II) उपलब्धियाँ प्राप्त करने के कारण डॉ कलाम में अहंकार आ गया था।

(III) डॉ कलाम तपस्या और परिश्रम के साक्षात् उदाहरण थे।

(IV) वह वैज्ञानिक होने के साथ-साथ कवि और वादक भी थे।

गद्यांश के आधार पर कौन-सा कथन/से कथन सही है—

(i) केवल II (ii) केवल III

(iii) III और IV (iv) I और II

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों में रेखांकित पदबंधो के भेद पहचानिए और सही विकल्प छाँटकर उत्तर दीजिए— (1 × 4 = 4)**

(क) अपने आत्मीय स्वभाव के कारण वह पूरे गाँव में चर्चित था

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध

(iii) क्रिया पदबंध (iv) क्रिया विशेषण पदबंध

(ख) बाढ़ के प्रकोप और महामारी से पूरा देश त्रस्त है।

(i) सर्वनाम पदबंध

(ii) संज्ञा पदबंध

(iii) विशेषण पदबंध

(iv) क्रिया विशेषण पदबंध

(ग) जैसे ही उसने दुर्घटना का समाचार सुना वह मदद के लिए दौड़ गया।

(i) विशेषण पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) क्रिया विशेषण पदबंध

(iv) सर्वनाम पत्र

(घ) इन फलों की मिठास शब्दों में बयान नहीं की जा सकती।

(i) विशेषण पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध
(iii) संज्ञा पदबंध
(iv) सर्वनाम पदबंध

(ङ) स्वच्छ वातावरण में रहने वाले लोग अधिक स्वस्थ होते हैं।
(i) विशेषण पदबंध
(ii) सर्वनाम पदबंध
(iii) क्रिया विशेषण पदबंध
(iv) संज्ञा पदबंध

**4. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए। (1 × 4 = 4)**

(क) 'भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा। लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।'
इन दो वाक्यों से बना हुआ सरल वाक्य होगा–
(i) भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा और लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।
(ii) जब भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खींचा तब लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।
(iii) भाई साहब द्वारा पढ़ाई का भयंकर चित्र खींचे जाने पर लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।
(iv) भाई साहब ने पढ़ाई का एक भयंकर चित्र खीचा ही था कि लेखक ने झटपट एक योजना तैयार की।

(ख) जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, प्राकृतिक असंतुलन भी बढ़ता जा रहा है।
रचना के आधार पर इस वाक्य के भेद है–
(i) मिश्र वाक्य (ii) सरल वाक्य
(iii) संयुक्त वाक्य (iv) उपवाक्य

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य छाँटिए–
(i) हम चाहते हैं कि इस बार नृत्य आयोजन में भाग ले।
(ii) इस बार नृत्य आयोजन में भाग लेना चाहते हैं
(iii) नृत्य आयोजन होने वाला है और इस बार हम उस में भाग लेना चाहते हैं।
(iv) यदि नृत्य आयोजन होगा तो हम उसमें भाग लेंगे।

(घ) घंटों किताबें लेकर बैठे रहने पर भी बड़े भाई साहब पास तक नहीं हो पाते थे।
वाक्य का भेद है–
(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य
(iii) मिश्र वाक्य (iv) प्रश्नवाचक वाक्य

(ङ) जापान में चाय पिलाने की एक विशेष विधि है जिसे जापानी भाषा में चा नो यू कहते हैं। वाक्य का भेद है–
(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य
(iii) मिश्र वाक्य (iv) इनमें से कोई नहीं

**5. समास विषय पर आधारित निम्नलिखित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए। (1 × 4 = 4)**

(क) कांतिहीन का समास विग्रह व भेद होगा–
(i) कांति से हीन–कर्मधारय समास
(ii) कांति से हीन –तत्पुरुष समास
(iii) कांति है जो हीन –बहुव्रीहि समास
(iv) कांति और हीन–द्वंद्व समास

(ख) 'देशभक्ति, सामासिक शब्द का विग्रह और भेद है–
(i) देश और भक्ति–द्वंद्व समास
(ii) देश के लिए भक्ति- कर्मधारय समास
(iii) देश की भक्ति–तत्पुरुष समास
(iv) देश में है जो भक्ति–द्विगु समास

(ग) 'दो पहरों का समूह' का समास विग्रह और समास का भेद होगा–
(i) दो पहर हैं जिसकी–बहुव्रीहि समास
(ii) दो का पहर–तत्पुरुष समास
(iii) दो हैं जो पहर–कर्मधारय समास
(iv) दो पहरो का समूह–द्विगु समास

(घ) नहीं है जो संभव - समस्त पद और समास का भेद है–
(i) असंभव - नत्र तत्पुरुष समास
(ii) नहीं-संभव- द्वंद्व समास
(iii) असंभव –अव्ययीभाव समास
(iv) नसंभव-बहुव्रीहि समास

(ङ) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–
(I) चिंतामग्न–तत्पुरुष समास
(II) जल्दी जल्दी–द्वंद्व समास
(III) परोपकारी–बहुव्रीहि समास
(IV) नवजीवन–द्विगु समास
इनमें से कौन सा/कौन से युग्म नहीं हैं–
(i) केवल I (ii) केवल III
(iii) III और IV (iv) I और III

**6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए। (1 × 4 = 4)**

(क) जब छात्रों ने अनुशासन भंग किया तो अध्यापिका ने उन्हें ............... लिया।
(i) काम तमाम करना (ii) दबे पाँव आना
(iii) आड़े हाथों लेना (iv) आग बबूला होना

(ख) कुछ नौजवान अपने माता-पिता की ··············· बिना सोचे समझे बर्बाद कर देते हैं।

(i) गाढ़ी कमाई (ii) प्राण सूखना

(iii) आँखें फेरना (iv) मत्थे मढना

(ग) उसने न खास पढ़ाई लिखाई की न कोई अनुभव प्राप्त किया फिर भी इतनी अच्छी नौकरी मिल गई मानो ··············· लग गई।

(i) दीवार खड़ी करना

(ii) खुशी का ठिकाना न रहना

(iii) अंधे के हाथ बटेर लगना

(iv) सुध बुध खोना

(घ) विवाह की तैयारियाँ करते-करते हम सबके ··············· आ गया।

(i) दांतों पसीना आना

(ii) हाथ पाँव फूल जाना

(iii) सातवें आसमान पर होना

(iv) किस्सा खत्म होना

(ङ) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए—

(i) दिल पसीजना—बीमार होना

(ii) साए से भागना—डरकर छिपने का प्रयत्न करना

(iii) तूती बोलना—बहुत बोलना

(iv) रंगे हाथों पकड़े जाना—बहुत मेहनत करना

(च) 'असलियत सामने आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है—

(i) भूख लगना

(ii) लोहे के चने चबाना

(iii) आटे दाल का भाव मालूम होना

(iv) घाट घाट का पानी पीना

**7. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिए।** **(1 × 5 = 5)**

*जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर,*
*जान देने की रुत रोज आती नहीं।*
*हुस्न और इश्क दोनों को रुसवा करें,*
*वो जवानी जो खून में नहाती नहीं।*
*आज धरती बनी है दुल्हन साथियों,*
*अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों।*

(क) हुस्न और इश्क को रुसवा कौन करता है?

(i) वह जवानी जो खून में नहीं नहाती

(ii) वह जवानी जो खून में नहा जाती है

(iii) वह जवानी जो इश्क नहीं करती

(iv) वह जवानी जिसमें हुस्न नहीं होता

(ख) 'जान देने की रुत' का अर्थ है—

(i) जीवन को व्यर्थ गंवा देना

(ii) किसी की जान लेना

(iii) ऋतुओं का बदलना

(iv) देश के लिए कुर्बान होना

(ग) इस पद्यांश का संदेश यह है कि हमें—

(i) धरती को दुल्हन की तरह सजाना चाहिए

(ii) हुस्न और इश्क को रुसवा करना चाहिए

(iii) देश पर कुर्बान होने के लिए तैयार रहना चाहिए

(iv) देश को दूसरों के हवाले कर देना चाहिए

(घ) इस पद्यांश के कवि और कविता का नाम है—

(i) अब्र तुम्हारे हवाले वतन साथियों -निदा फ़ाजली

(ii) कर चले हम फिदा - निदा फ़ाजली

(iii) हो गए हम फिदा - कैफ़ी आज़मी

(iv) कर चले हम फिदा - कैफ़ी आजमी

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

(I) अपने खून से रंगी धरती को देखकर सैनिक घबरा जाते हैं

(II) देश पर कुर्बान होकर वे अपना हुस्न और इश्क व्यर्थ गंवा देते हैं।

(III) सैनिक खुशी-खुशी देश पर अपनी जान कुर्बान करते हैं

(IV) एक सैनिक का जीवन मरते दम तक देश की सेवा करने का संदेश देता है।

पद्यांश से मेल खाते हुए वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए—

(i) II, III (ii) I, II

(iii) I, III (iv) III, IV

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **(1 × 2 = 2)**

(क) 'अखंड आत्मा भाव जो असीम विश्व में भरे' का भाव है—

(i) जो विश्व को खंडित कर दे।

(ii) जो समस्त विश्व अपने अनुसार चलाएँ।

(iii) जो समस्त संसार को एक सूत्र में बाँधने का भाव करे।

(iv) जिसकी आत्मा खंडित हो गई हो।

(ख) 'एकै अषिर पीव का, पढ़ै सो पंडित होय' ऐसा कहा गया है, क्योंकि—

(i) प्रेम का भाव अंततः पीड़ा पहुँचाता है।

(ii) प्रेम का एक अक्षर सभी विकारों पर भारी पड़ता है।

(iii) केवल पंडित ही प्रेम करना जानते हैं।

(iv) जिसके हृदय में प्रेम का वास हो वही सच्चा ज्ञानी है।

**9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए। (1 × 5 = 5)**

*किस्सा क्या हुआ था उस को उसके पद से हटाने के बाद हमने वजीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपये सालाना वजीफा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कोलकाता तलब किया। वजीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कोलकाता में क्यों तलब करता है। वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उल्टा उसे भला-बुरा सुना दिया। वजीर अली के तो दिल में यूं भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट-कूट कर भरी थी। उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।*

(क) वजीर अली को पद से हटाने के बाद उसके साथ क्या किया गया?

(i) उसे कोलकता भेज दिया गया

(ii) उससे तीन लाख रुपये सालाना जुर्माना लिया गया

(iii) उसे तीन लाख सालाना वजीफा दिया गया

(iv) उसे गवर्नर जनरल बना दिया गया

(ख) वजीर अली कंपनी के वकील के पास क्यों गया था?

(i) उससे गवर्नर जनरल की शिकायत करने के लिए

(ii) उससे माफी माँगने के लिए

(iii) उसे भला-बुरा सुनाने के लिए

(iv) उसका कत्ल करने के लिए

(ग) अंग्रेजो के खिलाफ किसके मन में नफरत भरी थी?

(i) वकील के मन में

(ii) गवर्नर जनरल के मन में

(iii) वजीर अली के मन में

(iv) इन तीनों के मन में

(घ) वजीर अली ने वकील का कत्ल क्यों किया?

(i) वह उससे नफरत करता था

(ii) वह अंग्रेजों से नफरत करता था

(iii) वकील ने उसे भला बुरा सुनाया

(iv) उसने वकील को भला बुरा सुना दिया

(ङ) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तत्पश्चात् दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छांट कर उत्तर दीजिए।

**कथन (A) :** बस्तियों में अनेक परिंदों से उनका घर छीन लिया है।

**कारण (R) :** अनेक पक्षियों ने यहाँ वहाँ डेरा डाल लिया है।

(i) कथन (A) सही है कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) उसकी व्याख्या नहीं करता।

(iv) कथन (A) गलत है कथन (R) सही है।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए— (1 × 2 = 2)**

(क) 'बड़े भाई साहब की रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुंह बड़ी बात थी—

ऐसा कहकर लेखक कहना चाहते हैं कि

(i) बड़े भाई साहब उच्च कोटि की रचनाएँ लिखते थे।

(ii) लेखक छोटे थे और भाई साहब की रचनाएँ बहुत बड़ी थीं।

(iii) यह कथन बड़े भाई साहब के स्वभाव पर व्यंग्य कर रहा है।

(iv) यह कथन बड़े भाई साहब के लेखन-कौशल का वर्णन कर रहा है।

(ख) निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य ततांरा के स्वभाव को दर्शाते हैं—

(I) प्रेम सबको जोड़ता है, घृणा दूरियाँ बढ़ाती है

(II) शक्तिशाली, बलिष्ठ और आत्मीय स्वभाव।

(III) प्रेम को सम्मान मिलना चाहिए।

(IV) अथक परिश्रम के बाद समुद्र के किनारे टहलना।

(i) II, III (ii) I, II

(iii) I, IV (iv) II, IV

# खंड 'ब'

## वर्णनात्मक प्रश्न

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए— (3 × 2 = 6)**

(क) परिवार का माहौल सब बच्चों को एक जैसा मिलता है, फिर भी सबका स्वभाव अलग हो सकता है। कक्षा में अध्यापक सभी छात्रों को एक समान शिक्षा देते हैं, किंतु प्रत्येक छात्र का विकास समान तरीके से नहीं होता।

लेखक का स्वभाव बड़े भाई से कैसे भिन्न था?

(ख) जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है मानव जाति की आवश्यकताएँ और इच्छाएँ बढ़ रही हैं वैसे-वैसे सृष्टि और पर्यावरण को नष्ट होते हुए देखा जा रहा है। मुंबई से ग्वालियर के बीच लेखक ने जो परिवर्तन देखा, वह इसी का एक उदाहरण है। उस परिवर्तन का वर्णन कीजिए।

(ग) किसी रचना का शीर्षक उसके मुख्य पात्र घटना या भाव पर आधारित होता है अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले पाठ के आधार पर इस शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए। (3 × 2 = 6)**

(क) प्रभु अपने भक्तों की सदा रक्षा करते हैं और भक्त पूरे अधिकार से प्रभु से शिकायत भी करते हैं। मीरा ने कृष्ण को उनके कर्तव्य किस प्रकार याद दिलाए हैं?

(ख) पाठ्यक्रम की किस कविता ने आपको प्रकृति के सौंदर्य का अनुभव कराया है? अपने शब्दों में उसका वर्णन कीजिए।

(ग) कवि 'वीरेन डंगवाल' ने किस तोप को भारत की धरोहर माना है और क्यों?

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए— (6)**

**(क) जनसंख्या विस्फोट**

**संकेत बिन्दु**

- अर्थ
- कारण
- दुष्प्रभाव
- उपाय।

**अथवा**

**(ख) साहित्य समाज का दर्पण**

**संकेत बिन्दु**

- साहित्य व समाज का सम्बन्ध
- एक-दूसरे पर प्रभाव
- आदर्श स्थिति।

**अथवा**

**(ग) गुरु-शिष्य सम्बन्ध**

**संकेत बिन्दु**

- प्राचीन भारत में गुरु-शिष्य सम्बन्ध
- वर्तमान स्थिति
- कारण, निवारण।

**14. प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर विद्यालय से आर्थिक सहायता की माँग करते हुए प्रार्थना कीजिए।**

**अथवा**

**अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने साथ हुए किसी अपराध की सूचना दीजिए।**

**(5)**

**15. 'संजीवनी' सोसायटी के सचिव होने के नाते सभी सदस्यों से सफाई बनाए रखने की अपील करते हुए 30-40 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**'रामकृष्ण' विद्यालय की प्रधानाचार्या की ओर से छात्रों को अनुशासन बनाए रखने की सख्त हिदायत देते हुए 30-40 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए। (5)**

**16. एक आध्यात्मिक संस्था/ध्यान केन्द्र के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।**

**अथवा**

**होली के प्राकृतिक रंगों के लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4)**

**17. निम्न पंक्तियों को पूरा करते हुए लगभग 100-120 शब्दों में लघु कथा का निर्माण कीजिए- केशव को नए पेन खरीदने का शौक था जब भी किसी के पास नया पेन देखता तो.........**

**अथवा**

**'आजादी' शीर्षक पर लगभग 100-120 शब्दों में लघुकथा का निर्माण कीजिए। (1 × 3 = 3)**

**18. आप सार्थक/सविता हैं। आपने ऑनलाइन खरीदारी की जिसमें कुछ सामान गलत आया है। 'सहारा' नामक कंपनी को ईमेल करते हुए इसकी शिकायत कीजिए। (5)**